भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3421

उत्तर देने की तारीख: 15.07.2019

केन्द्रीय विद्यालयों के भवन और क्लासरूम

3421. श्री पी.पी. चौधरी:

श्रीमती प्रतिमा भौमिकः

श्री रवि किशनः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में गत दो वर्षों के दौरान स्थापित किए गए केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या क्या है;
(ख) क्या उक्त विद्यालयों के लिए कोई नए भवन और क्लासरूम प्रदान किए गए हैं;
(ग) यदि हां, तो विद्यालय-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा उक्त विद्यालयों को भवन और अन्य सुविधाएं कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) : पिछले 2 वर्षों अर्थात 2017-18 और 2018-19 के दौरान, देश में 59 केंद्रीय विद्यालय स्थापित किए हैं।

(ख) और (ग) : पिछले दो वर्षों में स्थापित किए गए इन केंद्रीय विद्यालयों को कोई भी नए भवन और कक्षाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। तथापि, पिछले दो वर्षों के दौरान स्थापित सभी केंद्रीय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय संगठन के मानकों के अनुसार प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराए गए उपयुक्त और किराया मुक्त पर्याप्त अस्थायी भवनों से कार्य कर रहे हैं।

(घ) : केंद्रीय विद्यालयों के लिए स्थायी भवनों का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है, जो उपयुक्त भूमि की पहचान, प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा केवीएस के पक्ष में लीज़ औपचारिकताओं को पूरा करने, निर्माण एजेंसी द्वारा नक्शे/अनुमान की प्रस्तुति, निधि की उपलब्धता और

अपेक्षित अनुमोदन आदि पर निर्भर करता है। अत:, इस संबंध में कोई भी निश्चित समय-सीमा नहीं दी जा सकती।

*****